# भारत के खिलाफ बोलने वालों का करें बहिष्कार

## ग्राम चौरास में आयोजित हिंदू सम्मेलन में विहिप के संगठन मंत्री ने कहा

**उदयपुरा, 17 जनवरी. बोरास मंडल के ग्राम चौरास में शुक्रवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ. इसमें संत समाज से सत्यानंद ब्रह्मचारी महाराज सतहेंरी मंदिर, संयोजक अरविंद सिंह सिमरेया, सह संयोजक प्रमोद सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह थे. मंच संचालन रमेश ने किया.**




कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रम, दीप प्रज्वलन, गौ पूजन, समरसता यज्ञ में सभी की आहुति से हुई, कार्यक्रम में सत्यानंद ब्रह्मचारी महाराज ने भी हिंदू समाज को संगठित होकर देश धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया. मुख्य वक्ता चौहान ने अपने भाषण में कहा भारत को समृद्धशाली बनाने के लिए कार्य करें और जो भारत के खिलाफ बोलते हैं कि उनका बहिष्कार करें, हिंदू समाज संगठित होकर समाज, धर्म के लिए आगे आए आज पूरे देश में ही नहीं तो विश्व में हिंदुओं को समाप्त करने का षड्यंत्र हो रहे हैं, उनको समझें और देश ही नहीं विश्व के हिंदुओं के लिए खड़े हों.

हमारा भारत गौरव शाली है. हिंदुत्व हमारी जीवन जीने की शैली है उस पर हम चले. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ1925से आज 2025 में 100 वर्ष का हो गया. संघ देश, समाज के लिए शुरू हुआ प्रारंभ से सेवा, समर्पण के द्वारा कार्य कर रहा है सभी प्रकार की आपदाओं में संघ सेवा के लिए आगे आया है. लाखों सेवा कार्यों को कर रहा है. आज देश की मजबूती में संघ का बड़ा योगदान चल रहा.

### हिन्दू समाज से पंच परिवर्तन से जुड़ने का आग्रह किया

- कुटुंब प्रबोधन से परिवार को आज संगठित, संस्कारित करने की जरूरत है.
- समरसता आज आवश्यक है राम शबरी के झूठे बैर खा सकते हैं तो राम सबके है मंदिर, सत्संग सब का है.
- स्वदेशी हर घर में भाषा,भूषा, उपयोग का सामान देशी ही करे.
- पर्यावरण में पेड़ लगाए, पानी बचाए, पालीथीन पन्नी उपयोग बंद करे.
- नागरिक शिष्टाचार में संविधान के नियमों का पालन करें जैसे परिवहन नियम, यातायात, सार्वजनिक संपति का सरंक्षण ऐसे सभी कार्य हमारे लिए कर्तव्य है.




# सीएम के आगमन को लेकर लोगों में रहा उत्साह

## सलामतपुर क्षेत्र से बसों से विदिशा के लिए रवाना हुए ग्रामीण

**सलामतपुर, 17 जनवरी. शनिवार को विदिशा के ओल्ड मंडी ग्राउंड में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है.**

रायसेन जिले के सलामतपुर, रातातलाई, बेरखेड़ी चौराहा, मुड़ियाखेड़ा, शाहपुर, दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, बनखेड़ी, केमखेड़ी, सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बसों के माध्यम से विदिशा के लिए रवाना हुए.

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा पंचायत स्तर पर बसों की व्यवस्था की गई थी. इन बसों के माध्यम से महिलाओं एवं ग्रामीणों को नि:शुल्क विदिशा भेजा गया. यात्रा के दौरान ग्रामीण के लिए खाने-पीने की भी समुचित व्यवस्था की गई है. प्रशासनिक तैयारियों के चलते कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर भी विशेष इंतजाम किए गए हैं.

### एक नजर में



#### सीएमएचओ ने बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच की

**भोपाल, 17 जनवरी.** रायसेन स्थित महात्मा गांधी वृद्धाश्रम में शनिवार को सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री द्वारा पहुंचकर वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच की गई. उन्होंने वृद्धाश्रम संचालक स्टॉफ को सर्दी के मौसम के दृष्टिगत आवश्यक परामर्श देते हुए वृद्धजनों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए. उन्होंने वृद्धजनों से संवाद भी किया.

#### 29 क्वार्टर शराब जब्त, एक आरोपी को दबोचा

**सलामतपुर, 17 जनवरी.** थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 29 क्वार्टर अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि नरखेड़ा गांव में कोई व्यक्ति अवैध शराब बेच रहा है. सूचना पर तत्काल प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह और आरक्षक पारितोष मौके पर पहुंचे तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा. पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा. पूछताछ और कार्टून की जांच करने पर उसमें 29 क्वार्टर अवैध शराब कीमत 2900 रुपये पाई गई. पुलिस ने मौके से शराब ज़ब्त कर आरोपी बारेलाल लोधी पिता बहादुर 62 निवासी नरखेड़ा के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की 34(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है. आगे की जांच जारी है. वहीं सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि नशामुक्त अभियान के तहत नशीली दवाओं एवं शराब का अवैध व्यापार करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है. स्कूल, कॉलेजों के आसपास स्थित दुकानों की नियमित जांच की जा रही है. इसके अलावा होटल, ढाबा सहित अन्य स्थानों का भी आकस्मिक निरीक्षण कर जांच की जा रही है. जांच में नशीले, मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई भी की जा रही है. वहीं इनके खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ ही रोकथाम और जन समर्थन जुटाने के लिए गांव गांव जाकर स्थानीय नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है.

#### किसान ई-विकास पोर्टल से प्राप्त कर रहे हैं उर्वरक

**रायसेन, 17 जनवरी.** जिले में सुगमतापूर्वक उर्वरक वितरण के लिए ई-विकास ( वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली कलेक्टर के निर्देशन में 15 जनवरी से प्रारंभ की गयी है. कृषकों द्वारा प्रथम दिवस 377 ई-टोकन जारी किये जाकर 126 कृषकों द्वारा टोकन का उपयोग कर उर्वरक प्राप्त किया गया. अभी तक 1729 किसानों द्वारा स्वयं या ऑनलाईन सेंटर के माध्यम से कूपन बुक किये जाकर 976 कृषकों द्वारा उर्वरक प्राप्त किया गया है. किसानों से अपील की गई है कि उनको यदि टोकन जारी करने मे कठिनाई आती है तो अपने विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सांची में सीएल अहिरवार मो. नं.- 9826870654, गैरतगंज में जीपी नामदेव मो.नं- 9893376144. बेगमगंज में डीके नायक मो.नं- 9893199867. सिलवानी में सुनील मालवीय मो.नं- 9179435007, उदयपुरा में योगेश कुमार शर्मा मो.नं- 95849883565, बाड़ी में धरम सिंह पटेल मो.नं.- 7400986379 तथा औबेदुल्लागंज में अभिषेक कुमार गौतम मो.नं.- 6265845796 से संपर्क कर सकते हैं.

# क्रिकेट का फाइनल मुकाबला आज, शिवराज आएंगे

## सांसद खेल महोत्सव में हुए रोमांचक मुकाबले

**सिलवानी, 17 जनवरी. सांसद खेल महोत्सव के दो दिवसीय आयोजन का शुभारंभ सिलवानी में उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ. प्रतियोगिता के प्रथम दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया. पहले दिन क्रिकेट और कबड्डी के मुकाबले खेले गए, जिनमें रोमांचक मुकाबले देखने को मिले.**



क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत पहला सेमीफाइनल मैच बेगमगंज नगर और प्रतापगढ़ के बीच खेला गया. इस मुकाबले में प्रतापगढ़ की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए बेगमगंज नगर को पराजित किया और फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया. वहीं दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में ग्रामीण बेगमगंज और सिलवानी की टीमें आमने-सामने रहीं, जिसमें सिलवानी की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर फाइनल में प्रवेश किया.

समापन दिवस पर क्रिकेट में तीसरे स्थान के लिए बेगमगंज ग्रामीण और बेगमगंज नगर के बीच मुकाबला रविवार खेला जाएगा, जबकि फाइनल मुकाबला प्रतापगढ़ और सिलवानी के बीच होगा.

कबड्डी प्रतियोगिता में भी खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया. पहला कबड्डी मैच ग्रामीण बेगमगंज और सिलवानी के बीच खेला गया, जिसमें सिलवानी की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण बेगमगंज को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई. दूसरा कबड्डी मुकाबला प्रतापगढ़ और नगर बेगमगंज के बीच खेला गया, जिसमें प्रतापगढ़ ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विजय श्री को प्राप्त किया. रविवार 18 जनवरी को समापन अवसर पर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे.

इस अवसर पर शासकीय महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा एवं पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे.

### कलेक्टर संकल्प से समाधान कार्यक्रम में हुए शामिल

**रायसेन, 17 जनवरी.** कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा शुक्रवार को सांची जनपद के ग्राम परवरिया में संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित शिविर में सम्मिलित हुए. इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि संकल्प से समाधान अभियान जनसामान्य को शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं का सुगमता से लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरंभ किया गया है. उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों का अवलोकन किया तथा आवेदकों से भी संवाद कर जानकारी लेते हुए अधिकारियों को समयावधि में समाधान हेतु निर्देशित किया. इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे.

# जिला अस्पताल में ऑटोमेटिक मशीन से होगी साफ-सफाई

**रायसेन, 17 जनवरी. जिला अस्पताल में मरीजों को बेहतर और त्वरित उपचार के साथ स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा सीएमएचओ तथा सिविल सर्जन को दिए गए हैं. इसी कड़ी में जिला अस्पताल में ऑटोमेटिक मशीन से सफाई की जाएगी.**



शुक्रवार को जिला अस्पताल में सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री, सिविल सर्जन डॉ यशपाल बाल्यान सहित अन्य चिकित्सकों की उपस्थिति में सफाईकर्मी द्वारा ऑटोमेटिक मशीन से फ्लोर सफाई का शुभारंभ किया गया. सीएमएचओ डॉ खत्री ने बताया कि जिला अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ही स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है.

यहां आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को बेहतर परिवेश मिले, इसके दृष्टिगत लगातार प्रयास किए जा रहे हैं.



# श्रीमद् भागवत कथा में हुआ श्री कृष्ण-रुक्मिणी विवाह

- सिंगपुरी उचेरा में श्रीमद् भागवत कथा का छठवां दिन

**सिलवानी, 17 जनवरी. ग्राम पंचायत सिंगपुरी उचेरा में यादव परिवार के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस श्रद्धा भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा.**

कथा व्यास पंडित रेवा शंकर शास्त्री महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण एवं संगीतमय वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया. छठे दिवस कथा में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का प्रमुख प्रसंग सुनाया गया, जिसे लक्ष्मी और नारायण के अटूट प्रेम का प्रतीक बताया गया. पंडित शास्त्री महाराज ने कहा कि जो भक्त ईश्वर प्रेम में लीन होकर श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह में सहभागी बनते हैं, उनके जीवन की अनेक समस्याएं स्वत: समाप्त हो जाती हैं. भागवत कथा में श्री कृष्णा और रुक्मिणी विवाह हुआ. कथा के दौरान महारास के पांच अध्यायों का विशेष वर्णन किया गया. कथा व्यास ने बताया कि ये पांच अध्याय श्रीमद्भागवत के पंच प्राण हैं, जिनमें जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का दिव्य संदेश निहित है.

महारास प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा बांसुरी वादन से गोपियों के आह्वान और प्रेममयी लीला का भावपूर्ण वर्णन किया गया. इसके साथ ही भगवान श्रीकृष्ण के मथुरा गमन और दुष्ट कंस वध महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण, कालियवन वध कालिया दमन लीला मुचकुंद को भगवान के चतुर्भुज रूप के दर्शन उद्धव गोपी संवाद द्वारका नगरी की स्थापना एवं बलराम रेवती विवाह के प्रसंगों का भी विस्तार से वर्णन किया गया.

पंडित रेवा शंकर शास्त्री महाराज ने कहा कि कालिया दमन लीला अहंकार के नाश का प्रतीक है वहीं मुचकुंद को प्राप्त दर्शन सच्ची भक्ति का प्रतिफल हैं. उद्धव गोपी संवाद के माध्यम से उन्होंने प्रेम को सर्वोच्च साधना बताते हुए कहा कि गोपियों का निष्काम प्रेम स्वयं भगवान को भी वश में कर लेता है.

> कथा आयोजन सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर बालमुकुंद यादव बाबूजी एवं महेंद्र पाल यादव सरपंच प्रतिनिधि के तत्वावधान में किया जा रहा है. छठवें दिवस कथा श्रवण के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे. कथा के समापन पर श्रीमद्भागवत कथा की आरती की गई जिसमें समस्त श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि की कामना की.

स्वास्थ्य

एम्स भोपाल के प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार के रिसर्च में हुआ खुलासा

# पर्याप्त नींद नहीं होने से हो सकता है कैंसर का खतरा

**भोपाल, 17 जनवरी. एम्स भोपाल के जैवरसायन विभाग के प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार द्वारा किए गए एक महत्वपूर्ण शोध में नींद की गड़बड़ी और कैंसर के बीच छिपा हुआ गहरा संबंध सामने आया है. यह शोध डॉ. अशोक कुमार द्वारा डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव (केजीएमयू लखनऊ), मनेन्द्र सिंह तोमर और मोहित के सहयोग से किया गया है.**

यह अध्ययन अंतरराष्ट्रीय जर्नल स्लीप मेडिसिन रिव्यूज़ में प्रकाशित हुआ है. इस महत्वपूर्ण शोध के लिए डॉ. अशोक कुमार को एम्स भोपाल में आयोजित चौथे रिसर्च डे के दौरान फैकल्टी श्रेणी में बेस्ट पेपर अवॉर्ड से सम्मानित भी किया गया.

**नियमित और पर्याप्त नींद लेना जरूरी:** यह शोध आम नागरिकों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह दर्शाता है कि कैंसर की रोकथाम केवल दवाओं तक सीमित नहीं है. जीवनशैली में सुधार, जैसे नियमित और पर्याप्त नींद, समय पर भोजन और संतुलित दिनचर्या, कैंसर के खतरे को कम करने में सहायक हो सकती है. शोधकर्ताओं का मानना है कि भविष्य में कैंसर का इलाज अधिक व्यक्तिगत होगा, जिसमें मरीज की नींद, दिनचर्या और जैविक घड़ी को ध्यान में रखकर उपचार तय किया जाएगा. इससे इलाज अधिक प्रभावी होगा और दवाओं के दुष्प्रभाव भी कम हो सकते हैं. आम जनता के लिए संदेश है कि नियमित समय पर सोना और जागना, देर रात मोबाइल और स्क्रीन से दूरी रखना, तथा भोजन और व्यायाम का समय तय करना बेहद आवश्यक है. स्वस्थ जीवनशैली न केवल सामान्य बीमारियों से बचाव करती है, बल्कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के खिलाफ भी एक मजबूत सुरक्षा कवच बन सकती है.

इस अवसर पर एम्स भोपाल में कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ प्रो. (डॉ.) माधवानन्द कर ने कहा, डॉ. अशोक कुमार का यह शोध न केवल वैज्ञानिक दृष्टि से मूल्यवान है, बल्कि आम जनता के लिए जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में भी मार्गदर्शक साबित होगा.

> **मानव शरीर दिन-रात के चक्र पर करता है काम**
>
> शोध में बताया गया है कि मानव शरीर एक प्राकृतिक दिन-रात के चक्र पर काम करता है, जिसे जैविक घड़ी या सर्कैडियन रिद्म कहा जाता है. यही चक्र हमारी नींद, हार्मोन, पाचन प्रक्रिया, ऊर्जा स्तर और रोगों से लड़ने वाली प्रतिरक्षा प्रणाली को नियंत्रित करता है. अध्ययन के अनुसार, जब यह चक्र बिगड़ता है, जैसे देर रात तक जागना, नाइट ड्यूटी करना या लगातार शिफ्ट में काम करना, तो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है. ऐसी स्थिति में कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने और फैलने का अवसर मिल सकता है. वैज्ञानिकों ने यह भी बताया कि कैंसर कोशिकाएं शरीर की ऊर्जा प्रणाली को अपने लाभ के लिए बदल लेती हैं, जिससे प्रतिरक्षा कोशिकाएं उन्हें नष्ट नहीं कर पातीं.

# युवक की इलाज के दौरान मौत

## सागर मार्ग पर घायल अवस्था में मिला था

**सिलवानी, 17 जनवरी. शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे सिलवानी-सागर मार्ग पर सियारमऊ रोड से सुल्तानपुर रोड की ओर लगभग आधा किलोमीटर अंदर एक युवक के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना डायल 112 पर प्राप्त हुई. सूचना मिलते ही सिलवानी थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवक को एंबुलेंस की सहायता से उपचार हेतु सिलवानी सिविल अस्पताल पहुंचाया गया.**

अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा उपचार के दौरान युवक की मृत्यु हो गई. प्रारंभिक तौर पर मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी, लेकिन बाद में मृतक की शिनाख्त घनश्याम सेन पिता स्वर्गीय महादेव सेन, उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम टड़ा थाना केसली, जिला सागर के रूप में हुई. मृतक के हाथ पर '?' तथा अंग्रेजी में 'जीएस' लिखा हुआ पाया गया. घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन अस्पताल पहुंच गए हैं. बताया गया कि घनश्याम सेन वीरू सेन का साला है. सिलवानी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवक किस कारण घायल हुआ और घटना दुर्घटना है या किसी अन्य कारण से हुई है.

### कुर्मी क्षत्रिय समाज का मिलन समारोह आज

**भोपाल.** बुंदेलखंडीय रेबंचल (गौर) कुर्मी समाज भोपाल द्वारा रविवार 18 जनवरी को सुबह 10 बजे से धनवंतरि पार्क, गोविंदपुरा में 9 वां पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा. समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों और युवाओं की खेलकूद स्पर्धाएं होंगी.

### सर्व ब्राह्मण परिचय सम्मेलन 25 को

**भोपाल.** जिझौतिया ब्राह्मण कल्याण परिषद द्वारा 25 जनवरी को सर्वधर्म मंदिर, मिनाल रेसीडेंसी में सुबह 10 बजे से सर्व ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा. इसमें कुंडली मिलान, वार्ता रूम और चिकित्सा सुविधा रहेगी.